करने या मार्ग परिवर्तन करके उन पर रेल-गाड़ियां चलाने का कोई प्रयोग आरम्भ किया है;

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(च) रेलवे ने मार्च, 1993 तक इन मार्गों पर कुल कितनी राशि खर्च की है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के. सी. लेंका) : (क) और (ख) जी नहीं । रेलवे को 1991-92 के दौरान 116 अलाभप्रद शाखा लाइनों से 123 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है ।

(ग) ये लाइनें सभी नौ क्षेत्रीय रेलों पर फैली हुई हैं ।

(घ) जी नहीं ।

(ङ) और (च) प्रश्न नहीं उठता ।

बिजली के रेल इंजन खरीदने के लिए एशियाई विकास बैंक द्वारा ऋण

362. **श्री राम जेठमलानी :**

डा. चिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एशियाई विकास बैंक ने एशिया ब्राउन बोवेरी से बिजली के 30 रेल इंजन खरीदने के लिए रेल विभाग को 190 मिलियन डालर का ऋण दिया था;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इस ऋण का उपयोग करने के लिए 30 अप्रैल, 1993 अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी;

(ग) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि रेल विभाग को इस ऋण और अन्य मदों के संबंध में एशियाई विकास बैंक को 8 मिलियन डालर ब्याज दिसम्बर, 1992 तक अदा करना पड़ा है;

(घ) यदि नहीं, तो इस संबंध में तथ्य क्या हैं;

(ङ) क्या सरकार ने बिजली के इन बड़े रेल इंजनों को खरीदने के बारे में अंतिम निर्णय ले लिया है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

रेल मंत्री (श्री सी. के. जाफर शरीफ) : (क) रेल परियोजनाओं के वित्त-पोषण के लिए एशियाई विकास बैंक से 190 मिलियन अमरीकी डालर का ऋण लिया गया था, जिसका अधिकांश भाग माल गाड़ी के रेल इंजनों की खरीद के लिए था ।

(ख) मूलत: अंतिम तिथि 31-1-93 थी जिसे बाद में बढ़ाकर 30-4-93 कर दिया गया था ।

(ग) और (घ) 15 दिसम्बर, 1992 तक ब्याज और वचनबद्धता प्रभार के रूप में 7.474 मिलियन अमरीकी डालर की राशि का भुगतान किया गया है ।

(ङ) और (च) मैसर्स ए.बी.बी., स्विटजरलैंड को 18-3-92 को अग्रिम स्वीकृति पत्र जारी किया गया था । रेल अभिरूपण समिति की सिफारिशों और परवर्ती रिपोर्ट, जो प्राप्त हो गई है और सरकार के विचाराधीन है, को ध्यान में रखते हुए ठेका देने के संबंध में अंतिम कार्रवाई लम्बित कर दी गई थी ।

Konkan Railway Project

363. SHRI B. K. HARIPRASAD .

SHRI N. GIRTPRASAD : SHRI

N. 11. BALARAM :

WiU the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the work on the Konkan Rly. project on the contro versial section between Mayaem and Ballik in Goa sector was suddenly suspended;

(b) if so, the details thereof and the reasons therefor;